# उज्जैन में 22 हजार झोपड़ियां, अब झुग्गियों का भी बनेगा रिकॉर्ड

**उज्जैन।** भारत की प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारी के तहत उज्जैन शहर में मकान सूचीकरण और जनसंख्या से जुड़ा व्यापक सर्वे शुरू किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा 15 फरवरी से 15 मार्च 2026 के बीच मकानों और परिवारों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। रिकॉर्ड पर अभी उज्जैन में 22000 से ज्यादा झोपड़ियां हैं।

इस बार सर्वे पूरी तरह आधुनिक तकनीक के माध्यम से सीएमएमएस पोर्टल पर किया जाएगा। जिससे शहर की वास्तविक आबादी, मकानों की संख्या और बस्तियों की स्थिति का सटीक डाटा तैयार हो सके।



उज्जैन शहर में वर्तमान में लगभग 22,716 झुग्गी-झोपड़ियाँ मौजूद हैं, जिनमें करीब 1,20,141 लोग निवास करते हैं। यह संख्या शहर की कुल आबादी का लगभग 23.32 प्रतिशत मानी जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य इन बस्तियों, कॉलोनियों और नए विकसित क्षेत्रों का विस्तृत विवरण जुटाकर भविष्य की योजनाओं के लिए ठोस आधार तैयार करना है। नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार जनगणना की इस प्रक्रिया में शहर के विभिन्न क्षेत्रों को छोटे-छोटे ब्लॉकों में विभाजित किया जा रहा है। लगभग 700 से 800 की आबादी पर एक मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाया जाएगा। इन ब्लॉकों के माध्यम से अधिकारी घर-घर जाकर मकानों की संख्या, परिवार के सदस्यों की जानकारी, सुविधाओं की स्थिति और अन्य सामाजिक-आर्थिक विवरण दर्ज करेंगे। सर्वे के दौरान पक्के मकान, कच्चे मकान, झुग्गी-झोपड़ियाँ, नई कॉलोनियां और हाल ही में विकसित हुए क्षेत्र सभी को सूचीबद्ध किया जाएगा। उज्जैन में पिछले कुछ वर्षों में कई नई कॉलोनियाँ विकसित हुई हैं, जिनमें कुछ अवैध कॉलोनियां भी शामिल हैं। जनगणना के दौरान इन क्षेत्रों में बने मकानों का भी सर्वे किया जाएगा ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। कोविड-19 महामारी के कारण करीब दो वर्षों तक जनगणना और मकान सूचीकरण का कार्य प्रभावित रहा था। अब प्रशासन उन वर्षों का भी आकलन कर रहा है, जिससे यह पता चल सके कि इस दौरान शहर में कितने नए मकान बने और जनसंख्या में कितना इजाफा हुआ अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना नोडल अधिकारी शाश्वत शर्मा के अनुसार 11 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक सिंहस्थ मेला कार्यालय, कोठी रोड स्थित सभागृह में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मकान सूचीकरण और जनगणना से उज्जैन की वास्तविक जनसंख्या, आवास की स्थिति और बुनियादी सुविधाओं की जरूरतों का स्पष्ट चित्र सामने आएगा। शहर के विकास, शहरी नियोजन के लिए नई योजनाएं बनाई जा सकेंगी।

### योजनाओं के लिए बनेगा आधार

इस सर्वे से मिलने वाला डाटा कई सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खासतौर पर प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की पहचान करने में यह जानकारी उपयोगी साबित होगी। कानीपुरा सहित शहर के कई क्षेत्रों में आवासीय इकाइयों का निर्माण और सर्वे पहले से जारी है, जिसे अब नए डाटा से और सटीक बनाया जाएगा। मकान सूचीकरण और जनगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों का प्रशिक्षण भी आयोजित किया जा रहा है।



## निगम आयुक्त पहुंचे स्थापना विभाग को देखने

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित स्थापना शाखा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई। जिसमें जो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए उनका 1 दिन का वेतन काटने के निर्देश साथ ही कार्यालय अधीक्षक प्रदीप सोलंकी का भी 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश तत्काल प्रभाव से दिए गए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त मिश्रा द्वारा समस्त विभागों के विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि समस्त कर्मचारी कार्यालय समय में प्रातः 10 बजे उपस्थित रहें। विभागों के काम प्रभावित ना हो एवं जो भी नागरिक विभागों से संबंधित कामों के लिए मुख्यालय आते हैं संबंधित कर्मचारी अपनी टेबल पर उपस्थित रहें ताकि नागरिक अनावश्यक परेशान ना हो एवं चक्कर ना लगाने पड़े। स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान लिपिक आशीष पवार 5 एवं 6 मार्च को अनुपस्थित होने से 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश, हर्षिल शाह, तुषार खोड़े, आकाश श्रीवास्तव अनुपस्थित पाए जाने पर 1 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसी के साथ कार्यालय अधीक्षक प्रदीप सोलंकी अनुपस्थित पाए गए जिनका भी एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्थापना शाखा के उपायुक्त मनोज मौर्य, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार उपस्थित रहे।

# कहार समाज ने खेली लट्ठमार, छड़ीमार होली, छाया ब्रज सा उल्लास

- कहारवाड़ी से शिप्रा तट तक निकला
- भव्य ध्वज चल समारोह,

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में इस वर्ष होली का पर्व बिल्कुल उसी अलौकिक और भव्य स्वरूप में मनाया गया, जैसा उत्साह मथुरा-वृंदावन की गलियों में देखने को मिलता है। वर्षों से चली आ रही प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए शहर पूरी तरह से भक्ति और गुलाल के रंगों में सराबोर नजर आया। श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों के अनुसार, जिस प्रकार वृंदावन में कान्हा और राधा रानी के संग छड़ीमार होली का आनंद लिया जाता है, ठीक उसी परंपरा का निर्वहन उज्जैन में बाबा महाकाल के सानिध्य में पीढ़ी-दर-पीढ़ी किया जा रहा है। कहार समाज के अध्यक्ष शंकर चौहान ने बताया कि वृंदावन की लट्ठमार होली की तर्ज पर ही उज्जैन की कहारवाड़ी में कहार समाज युवा समिति द्वारा वर्षों पुरानी परंपरा को निभाते हुए लट्ठमार व छड़ीमार होली खेली जाती है। ढोल-नगाड़ों की थाप और हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच हुआ यह उत्सव आस्था और सांस्कृतिक एकता का



अनूठा प्रतीक बना। आयोजन के दौरान परंपरा के अनुसार समाज के सभी वरिष्ठजनों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके पश्चात कहारवाड़ी से लेकर शिप्रा नदी तक एक भव्य ध्वज चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाज के लोगों ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस भव्य आयोजन और ध्वज चल समारोह में मुख्य रूप से शंकर चौहान, रघुनाथ चौहान, अशोक कहार, लीलाधर कहार, अनिल कहार, प्रशांत चंदेरी, पुरुषोत्तम कहार, पुष्पेन्द्र कहार, गणेश कहार, प्रवीण कहार, जीतेन्द्र कहार, सतीश कहार, हीरामणि कहार, गोपी बाई कहार, राम कन्या बाई, सागर बाई, और अनीता बाई सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

# कार निकालने की बात पर टोल पर तोड़फोड़

**उज्जैन।** कार निकालने की बात पर तुलाहेड़ा टोल नाके पर रविवार सोमवार विवाद हो गया। टोल कर्मचारियों के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ की गई। कर्मचारियों ने भी विवाद करने वालों के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाई।

घट्टिया तहसील की पानबिहार चौकी अंतर्गत ग्राम तुलाहेड़ा में टोल प्लाजा बना हुआ है। जहां रविवार शाम कार निकालने की बात पर मोहन सिंह चौहान निवासी पिपलियाहामा और उसके साथी देवेंद्र राठौड का विवाद टोल कर्मचारियों से हो गया। दोनों आलोट जा रहे थे। मोहन सिंह चौहान करनी सेना से जुड़ा हुआ है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर टोल कर्मी दिलीप सिंह, कुलदीप सिंह और नीरज शर्मा से मारपीट की कर्मचारियों ने भी मोहन सिंह को पीट दिया। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया। लेकिन रात में मोहन सिंह से जुड़े आधा दर्जन से अधिक युवक मुंह पर नकाब बांधकर टोल पहुंचे और तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस मौके पर पहुंचती उससे पहले तोड़फोड़ करने वाले भाग निकले। टोल कर्मचारी सचिन पटेल ने तोड़फोड़ करने आए युवकों के जैथल टेक से आने की बात कही और सचिन तोमर, रोहित चौधरी, अरुण बैरागी, गोपाल चौधरी सहित अन्य के खिलाफ तोड़फोड़ का प्रकरण दर्ज कराया। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया मामले में दो क्रॉस प्रकरण और एक तोड़फोड़ का प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है दोनों पक्ष के लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## एक नजर में



### कैदियों ने खोला रोजा, अपराध छोड़ने की शपथ

**उज्जैन।** मकसूद अली फैंस क्लब एवं कौमी एकता कमेटी के तत्वावधान में भैरवगढ़ जेल परिसर में रोजा इफ्तारी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 350 रोजेदार कैदियों ने रोजा इफ्तार किया, दुआ मांगी और अपराध छोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मकसूद अली एडवोकेट, जेल अधीक्षक मनोज साहू, जेल अधिकारी सुरेश गोयल और सहायक जेल अधिकारी डावर उपस्थित थे। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने अपने उद्बोधन में सभी कैदियों को माहे रमजान की मुबारकबाद दी। अतिथियों ने जेल में बंद कैदियों को अपराध छोड़ने की शपथ दिलाई। मकसूद अली एडवोकेट ने सभी कैदियों से अपील की कि वे इस पाक महीने में अपने गुनाहों से तौबा करें और दुश्मनों को माफ करें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी रोजेदारों को मोईन अली ने दुआ करवाई। इस अवसर पर सद्दाम हुसैन, शरीफ छिपा, नबील खान, सोहेल छिपा के साथ ही रज्जाक मंसूरी और शाहरुख खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन परवेज खान ने किया और आभार फराज खान ने माना।

### बीएसएनएल की लोक अदालत 14 मार्च को

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय प्रधान महाप्रबंधक बीएसएनएल उज्जैन द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इस लोक अदालत में बकाया बिलों से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। यह लोक अदालत जिला न्यायालय उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, देवास, शाजापुर और आगर मालवा में आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही तहसील न्यायालय महिदपुर, नागदा, बड़नगर, खाचरौद, नीमच, भानपुरा, नारायणगढ़, मनासा, जावद, आलोट, सैलाना, जावरा एवं शुजालपुर में भी बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच और मोबाइल पोस्टपेड बिलों के मामलों का निराकरण किया जाएगा। बीएसएनएल उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा, उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएं भी प्रदाय की जाएंगी। बीएसएनएल उज्जैन के उपभोक्ता अपने बिल संबंधित प्रकरणों के निपटान के लिए देवास गेट स्थित कार्यालय के राजस्व अनुभाग में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा लैंडलाइन नंबर 0734-2552474 पर भी संपर्क कर प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

### 11 को निकलेगी विशाल मंगल रथयात्रा



**उज्जैन।** अखिल भारतीय श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक युवक महासंघ उज्जैन इकाई द्वारा भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक एवं दीक्षा कल्याणक महामहोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार 11 मार्च को विशाल मंगल रथयात्रा निकाली जाएगी। महासंघ के रितेश खाबिया और शहर अध्यक्ष राहुल सर्राफ ने बताया कि 11 मार्च को रथयात्रा सुबह 8.30 बजे श्री सिद्ध चक्र आराधना केसरियानाथ तीर्थ खाराकुआं पेढ़ी से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री विजय हीर सूरिश्वरजी बड़ा उपाश्रय खाराकुआं पहुंचेगी। रथयात्रा के पश्चात विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। यह धर्मसभा गुरु नवरत्न कृपा प्राप्त विश्वरत्न सागर सूरिश्वर के शिष्य कीर्तिरत्नसागर आदि ठाणा तथा साध्वी प्रियदर्शनी की शिष्या हितदर्शन एवं चारूदर्शन आदि ठाणा की पावन निश्रा में संपन्न होगी। आयोजकों ने बताया कि इस मंगल रथयात्रा के लाभार्थी लक्ष्मीदेवी अनूपकुमार अनिल कुमार पावेचा है। धर्मसभा के पश्चात युवक महासंघ द्वारा सुबह 11.30 बजे से नईपेठ स्थित रंगमहल धर्मशाला में स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया जाएगा।

# महापौर टटवाल ने किया गंधर्व तालाब का निरीक्षण

**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 3.8 करोड़ की लागत से वार्ड क्रमांक 05 इंद्रानगर स्थित प्राचीन गंधर्व तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य किया गया है। जिसका शुभारंभ भी शीघ्र होने वाला है। इसको लेकर महापौर ने सौंदर्यीकरण के साथ ही कार्य आदि को एमआईसी सदस्यों के साथ देखा कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए।

सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा प्रचलित कार्यों का निरीक्षण क्षेत्रीय पार्षद दिलीप परमार के साथ किया गया। शीघ्र ही अंतिम चरणों के कार्यों को पूर्ण करते हुए लोकार्पण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 3.8 करोड़ की लागत से गंधर्व तालाब के चारों ओर विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण किया गया है। जिसमें चारों तरफ घाट बनाए गए हैं, स्टोन पीचिंग के साथ-साथ सीढ़ियों का निर्माण एवं डबल घाट का निर्माण किया गया है। ताकि जब तालाब में पानी का लेवल बढ़ेगा तब ऊपर के घाटों का उपयोग किया जा सकेगा। साथ ही 450 मीटर लंबे वॉकिंग पाथवे की सुविधा, मेन गेट पर सुरक्षा की दृष्टि से ग्रिल लगाई गई है, आकर्षक विद्युत पोल, चारों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल, गज़ीबो, फाउंटेन, तालाब के आसपास हरियाली हेतु ग्रीनरी इत्यादि कार्य करवाए गए है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, पार्षद पंकज चौधरी उपस्थित रहे।

# भारत की जीत का जश्न मनाने की बात पर विवाद

- राज रॉयल कॉलोनी में दो समुदायों के बीच चले लाठी डंडे

**उज्जैन।** भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का मुकाबला भारत ने जीता था, रविवार-सोमवार रात शहरवासी जश्न में डूबे थे। इसी बीच राज रॉयल कॉलोनी में दो समुदायों के लोगों के बीच पटाखे चलाने की बात पर विवाद हो गया। दोनों ओर से 8 - 10 लोग घायल हो गए जिसमें महिला बच्चे भी शामिल है।





चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि भारत की जीत का जश्न पूरे शहर में मनाया जा रहा था। राज रॉयल कॉलोनी में भी आतिशबाजी की जा रही थी। हाड़ा परिवार के सदस्य पटाखे चला रहे थे इस दौरान क्षेत्र में रहने वाले वाहिद खान ने घर में पटाखे की आवाज से बच्चों के डरने की बात कहते हुए पटाखे चलाने से मना किया। बस इसी बात पर दोनों परिवारों के बीच विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते लाठी डंडे निकल आए। मारपीट में दोनों ओर से 8 से 10 लोग घायल हो गए। हाड़ा परिवार की ओर से 11 वर्षीय दृष्टि, रविंद्र हाडा, पंकज, विशाल, विमला मालवीय और अन्य घायल हो गए। दूसरी ओर से शादाब खान, वाहिद खान और परिवार की एक महिला को चोट आई। दोनों परिवारों के बीच हुए विवाद में तूल पकड़ लिया। कुछ देर में ही हिंदू संगठन के लोग भी राज रॉयल कॉलोनी पहुंच गए। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर आ गई थी और मामले को शांत कराया था। रात में ही मामला शांत कर लिया गया था घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद मामले में धारा का इज़ाफा कर विवेचना की जाएगी। दोनों पक्षों के विवाद का मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### हिन्दू वादी संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे मौके पर

हिंदू संगठन के लोग घायल हाडा परिवार की और से चिमनगंज थाने पहुंच गए और आरोप लगाए जाने लगे लगा। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक रितेश माहेश्वरी ने बताया कि पूर्व में भी कॉलोनी में रहने वाले मुस्लिम समुदाय द्वारा दुर्गा प्रतिमा की स्थापना को लेकर विवाद किया था। क्षेत्र में इनके द्वारा लोगों को डराया धमकाया जाता है। मामले में चिमनगंज थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद के चलते मामले में क्रॉस प्रकरण दर्ज किया गया है।

# महिला शब्द भले ही तीन अक्षरों से बना परंतु इसका अर्थ बहुत गंभीर है

**उज्जैन।** 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था द्वारा बनी-ठनी ब्यूटी पार्लर के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय टावर चौक स्थित सेलुन परिसर में किया गया। संस्था अध्यक्ष पंकज पांचाल द्वारा संस्था परिचय दिया गया गया। इसके पश्चात महिला दिवस पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रति वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह एक वैश्विक दिवस है जो महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक



उपलब्धियां को मान्यता देता है। उन्होंने महिला दिवस पर महिला शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि महिला शब्द भले ही तीन अक्षरों को मिलकर बना है परंतु उसका अर्थ बड़ा गंभीर है। उन्होंने कहा कि म का अर्थ होता है ममता, ह का अर्थ होता है हिम्मत और ला का अर्थ होता है लज्जा इन तीनों शब्दों में महिला की कल्पना की जाना बड़ा कठिन है। इस अवसर पर रचना चौहान, पूजा तिवारी, सिदरा खान, दिव्या मायन, कीर्ति राठौर, दीपांशी तोरान, उपस्थित थीं। संचालन सविता हाड़ा ने किया ने किया। आभार दीपिका सोलंकी ने माना।

### परमात्मा ने भी नारी को शक्ति की संज्ञा दी

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्योति प्रिया शर्मा ने कहाकि सृष्टि की रचना में सबसे बड़ा योगदान महिलाओं का रहा है घर चलाने से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक का सफर महिलाओं द्वारा तय किया गया। परिवार के संचालन से लेकर बच्चों को किसी संस्कार देना चाहिए यह सारी जिम्मेदारी महिला निभाती है परमपिता परमात्मा ने भी नारी को शक्ति की संज्ञा दी है।

# घायल वृद्ध की हुई मौत, हत्या में बदलेगा मामला

- 80 साल के बुजुर्ग के साथ पड़ोसी द्वारा मारपीट की गई थी।

**उज्जैन।** 80 साल के बुजुर्ग के साथ पड़ोसी द्वारा मारपीट की गई थी। घायल वृद्ध को उज्जैन से उपचार के लिये इंदौर ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद घर ले जाने की सलाह दी थी। रविवार दोपहर को वृद्ध की मौत हो गई। सोमवार सुबह पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम सोडंग में रहने वाले गोपाल पिता पूना परमार 80 साल के साथ 5 मार्च को देर शाम पड़ोस में रहने वाले कमल ने शराब के नशे में बुरी तरह मारपीट की थी। कमल ने सीने पर बैठ मुक्के मारे थे। बुजुर्ग गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से उपचार के लिये इंदौर ले जाया गया था। लेकिन एक दिन उपचार के बाद छुट्टी दे दी थी। परिवार उन्हें घर ले आया था। इस बीच रविवार दोपहर गोपाल परमार की मौत हो गई। मौत होने की सूचना भैरवगढ़ थाना पुलिस को दी। पुलिस पूर्व में मारपीट का मामला दर्ज कर चुकी थी। मौत होने पर मर्ग कायम किया गया और शाम को शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट मिलने पर हत्या की धारा बढ़ाई जायेगी।



# भगवान महाकाल की गैर पर पुष्पवर्षा

**उज्जैन।** हर साल की तरह इस साल भी निकलने वाली बाबा महाकाल की गैर का तोपखाने में भव्य स्वागत किया गया। बाबर खान मित्र मंडली द्वारा आयोजित इस स्वागत समारोह में गैर पर जमकर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान महाकाल मंदिर समिति के पंडित-पुजारियों के साथ ही भाजपा सर्राफा मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, एमआईसी सदस्य व भाजपा पार्षद रजत मेहता, सांसद प्रतिनिधि कपिल कटारिया और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का साफा बांधकर दस्तारबंदी कर आत्मीय सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. आसिफ नागौरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री सलीम, शहजाद नागौरी, इमरान, शाहरुख, इरफान और बाबर खान सहित मित्र मंडली के अन्य सदस्यों ने गैर पर फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया।

**देवी माता का पूजन** — नौ दिनों तक हवन-पूजन व कई धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे

# चैत्र की नवरात्रि 19 से, हरसिद्धि सहित देवी मंदिरों में पर्व की तैयारियां

**उज्जैन।** चैत्र मास की नवरात्रि 19 मार्च से शुरू होगी। इसके पूर्व उज्जैन के शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर सहित देवी मंदिरों में पर्व की तैयारियां चल रही है। नौ दिनों तक देवी मंदिरों में हवन-पूजन, श्रृंगार, महाआरती के साथ कई धार्मिक कार्यक्रम व अनुष्ठान किए जाएंगे। हरसिद्धि मंदिर के पुजारी रजन गिरि गोस्वामी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि वर्ष की सबसे बड़ी नवरात्रि मानी जाती है। इसमें मुख्य रूप से देवी के दरबार में पूजन-अनुष्ठान का अधिक महत्व होता है। प्रतिदिन शक्तिपीठ मां हरसिद्धि के प्रांगण में दीपमालाएं प्रज्जवलित की जाएंगी। शाम को ढोल-नगाड़ों से महाआरती होगी तथा विशेष श्रृंगार दर्शन होंगे। नवरात्रि की महाष्टमी, महानवमी पर हवन होगा। उज्जैन के गढ़कालिका, चामुंडा, चौबीस खंभा देवी, नगरकोट की महारानी के दरबार में धार्मिक अनुष्ठान होंगे व दर्शन के लिए भक्तों का मेला लगेगा। अभी मंदिरों में रंगा-पुताई का कार्य चल रहा है। फिर रोशनी की सजावट की जाएगी। इसके बाद मंदिर समिति दर्शन आदि की व्यवस्थाएं तय करेगी। इधर चैत्र कृष्ण पक्ष की सप्तमी शीतला सप्तमी पर्व के रूप में मनाई जाती है। मंगलवार को घरों में लोग देवी शीतला का पूजन कर ठंडा भोजन करेंगे।



### वीर हनुमान में आज फूलों से होली

महाकाल वन कार्तिक चौक कुम्हारवाड़ा स्थित अति प्राचीन स्वयं-भू दक्षिणमुखी श्री वीर हनुमान के दरबार में मंगलवार को परंपरागत फाग महोत्सव होगा जिसमें भक्त हर्बल गुलाल व फूलों से होली खेलेंगे। मंदिर के पुजारी एवं गादीपति महंत पंडित जस्सू गुरु महाराज के सानिध्य में आयोजित फाग महोत्सव में शाम 7 बजे से भजन संध्या होगी। पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया श्री वीर हनुमान भक्त मंडल के तत्वावधान में महोत्सव होगा जिसमें भजन संध्या के साथ राधा-कृष्ण का रास होगा व इत्र की वर्षा की जाएगी